हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 23 नवंबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल हरियाणा के कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा पवेलियन का उद्घाटन करेंगे।

एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से द्रौपदी कूप क्षेत्र में हरियाणा पवेलियन स्थापित किया गया है। इस पवेलियन में जहां युवा कलाकारों द्वारा हरियाणा की लोक कला और संस्कृति को प्रस्तुत किया जाएगा, वहीं हरियाणा की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को भी दिखाने का अनोखा प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमदभगवद गीता सदन में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का उद्घाटन भी किया जाएगा। जिसमें देश विदेश के विद्वान भाग ले रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि कुरुक्षेत्र के मुख्य अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अलावा विदेश मंत्रालय के सहयोग से 50 देशों में गीता जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कुरूक्षेत्र में इस बार मध्य प्रदेश सहयोगी राज्य है।

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-इफ्फी के चौथे दिन आज भी गोवा में सिनेमा, प्रतिभा और वैश्विक भागीदारी का अदभुत संगम देखने को मिल रहा है।

इफ्फी का गुजरता हुआ हर पल अपने भीतर कुछ न कुछ अनोखा समेटे हुए है। आज इफ्फी में वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर की मास्टरक्लास विशेष आकर्षण है।

इसके अलावा इंटरनेशनल सिनेमा तथा इंडियन पैनोरमा के तहत कई बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग की जा रही है। जो दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव दे रही है।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने कल पार्टी के जिलाध्यक्षों समेत दूसरे नेताओं व कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में समिति के अध्यक्ष व पूर्व सांसद चौधरी धर्मपाल सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति की अहम बैठक मे उन्होंने साफ कहा कि पार्टी लाइन के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर बयान देने वाले नेताओं के खिलाफ अब ठोस कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बेशक बयान देने वाले पार्टी के विधायक व वरिष्ठ नेता ही क्यों न हों, किसी को कोई रियायत नहीं मिलेगी। उन्होंने पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओ व कार्यकर्ताओं को भी संगठन की और से जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना करने के आदेश दिए।

हरियाणा मानव अधिकार आयोग अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले लोगो को मानव अधिकारों के बारे जागरूक कर रहा है।आयोग ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगे मेले में अपना स्टॉल लगाया है। हरियाणा मानव अधिकार आयोग से कार्यालय सहायक ममता शर्मा ने बताया कि आगंतुकों में मानव अधिकारों के प्रति बहुत ज्यादा उत्सुकता देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों से मेले में आ रहे बुजुर्ग बच्चे युवा व महिलाएं मानव अधिकारों की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने सभी से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

फरीदाबाद के हनुमान पार्क में चल रहा शिक्षक प्रशिक्षण योग शिविर कल शाम, अध्यात्म, योगशक्ति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संदेश के साथ संपन्न हो गया। यह 13 दिवसीय शिविर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य योगाचार्य एवं मार्गदर्शक जयपाल शास्त्री ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, संगीतमय सूर्यनमस्कार और ध्यान का अभ्यास कराते हुए स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है, जिससे जीवन में शांति और ऊर्जा का संचार होता है।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आज शहीदी नगर कीर्तन यात्रा कैथल से अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई। कल कैथल के ऐतिहासिक गुरुद्वारा नीम साहिब से शुरू हो कर शहीदी यात्रा ने कैथल के विभिन्न भागों में धर्म की रक्षा और मानव अधिकारों के लिए गुरु जी के सर्वोच्च बलिदान का संदेश दिया। यात्रा में भक्ति और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। नगर कीर्तन यात्रा में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने भी भाग लिया । जन-जन तक गुरु जी का संदेश पहुँचा रही इस यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया।

हरियाणा सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 25 नवंबर को राज्य में वैकल्पिक अवकाश घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हरियाणा के कुरुक्षेत्र में भव्य राज्यस्तरीय समागम का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। समागम के दौरान श्री गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों और उनके बलिदान को याद किया जाएगा।